Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 09 July 2024

Dainik Jagran
Page - 04

'एक पेड़ मां के नाम' कुलपति ने लगाया पौधा

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के एनएसएस द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलाधिपति वाटिका में पौधारोपण किया। कुलपति ने आह्वान किया कि सभी लोग मां के नाम पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करें। अभियान में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, एनएसएस समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ. हर्ष देव वर्मा आदि मौजूद रहे।

नए पाठ्यक्रम पर लगेंगी मुहर, निर्माण कार्यों को मिलेंगी मंजूरी

359 ने दी एमएड प्रवेश परीक्षा, आज होगा समापन

एमए-एमएससी समेत कई पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित

बदलेगा एलएलबी व बीए-एलएलबी का पाठ्यक्रम

Amar Ujala
Page - 07

डीडीयू में पौधारोपण करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन व अन्य शिक्षक। फोटो: डीडीयू

एक पेड़ मां के नाम अभियान में कुलपति ने किया पौधरोपण

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ. हर्ष देव वर्मा, डॉ. अपरा त्रिपाठी, डॉ. राहुल मिश्र सहित एनएसएस के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

11 को वित्त समिति व 13 को कार्य परिषद की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में 11 जुलाई को वित्त समिति और 13 को कार्य परिषद की बैठक होगी। नया सत्र शुरू होने के साथ ही कई अहम फैसलों पर मुहर लगेगी। इसमें नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी और शुल्क निर्धारण, शिक्षकों के प्रमोशन और कन्फर्मेशन, कॉलेजों में नए कोर्स के आवेदनों और निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।

विश्वविद्यालय में इस सत्र से ऑटोमिशियन इंटेलिजेंस और डाटा साइंस पर तीन पाठ्यक्रम नवोन्मेष के सहयोग से शुरू होंगे। इसमें एमएस इन ऑटोमिशियन इंटेलिजेंस, वेयरेबल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बीसीए डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग कोर्स शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को विद्या परिषद से पहले ही इसे मंजूरी मिल गई है। फिर समिति की बैठक में इन विषयों के शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।

इन विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। इन कोर्स की फरवरी/मार्च, जीवीयू के अकादमिक शाखाओं में भी चलेंगे। इसके साथ ही डाट

डीडीयू : कॉलेजों में नए कोर्स के आवेदनों और निर्माण कार्यों को दी जाएगी स्वीकृति

विश्वविद्यालय में वित्त समिति की बैठक 11 और कार्य परिषद की बैठक 13 जुलाई को आहूत की गई है। इसमें पहले ही जुलाई को विकास परिषद की बैठक होगी।

– प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

एप्लीकेशन इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बीसीए डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग कोर्स शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को विद्या परिषद से पहले ही इसे मंजूरी मिल गई है। फिर समिति की बैठक में इन विषयों के शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में इस सत्र से ऑटोमिशियन इंटेलिजेंस और डाटा साइंस पर तीन पाठ्यक्रम नवोन्मेष के सहयोग से शुरू होंगे। इसमें एमएस इन ऑटोमिशियन इंटेलिजेंस, वेयरेबल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बीसीए डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग कोर्स शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को विद्या परिषद से पहले ही इसे मंजूरी मिल गई है। फिर समिति की बैठक में इन विषयों के शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।

इन विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। इन कोर्स की फरवरी/मार्च, जीवीयू के अकादमिक शाखाओं में भी चलेंगे। इसके साथ ही डाट

एमए-एमएससी के परिणाम घोषित

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को एमए-एमएससी के कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा फल घोषित कर दिया। बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान और बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस के छठवें सेमेस्टर का परीक्षा फल भी जारी कर दिया गया है। परीक्षा फल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

Hindustan
Page - 07

डीडीयू में कुलपति ने किया पौधरोपण

गोरखपुर। डीडीयू के एनएसएस द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलाधिपति वाटिका में पौधरोपण किया। कुलपति ने आह्वान किया कि सभी लोग मां के नाम पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करें। अभियान में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, एनएसएस समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ. हर्ष देव वर्मा आदि मौजूद रहे।

एमए-एमएससी के परिणाम घोषित

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को एमए-एमएससी के कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा फल घोषित कर दिया। बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान और बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस के छठवें सेमेस्टर का परीक्षा फल भी जारी कर दिया गया है। परीक्षा फल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

पढ़ाई के साथ अप्रेंटिस भी कर सकेंगे बीबीए के छात्र

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों को बीबीए-बीसीए पाठ्यक्रम के संचालन के लिए एआईसीटीई से मान्यता लेनी होगी। एआईसीटीई ने देश भर के संस्थानों को इसके लिए 15 जुलाई तक आवेदन करने का निर्देश दिया है। आवेदन नहीं किया तो इन कोर्स का संचालन सत्र 2024-25 से नहीं कर सकेंगे। बीबीए के छात्र अब पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप भी कर सकेंगे।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने सत्र 2024-25 से बीबीए, बीएमएस और बीसीए कोर्स संचालित करने वाले कॉलेजों को मान्यता के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीडीयू से संबद्ध 16 कॉलेजों में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन और सात कॉलेजों में बैचलर और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई होती है। कुलसचिव ने एआईसीटीई के दिशा-निर्देशों को देखते हुए कॉलेजों को आवेदन के लिए आदेश जारी किया है। डीडीयू को भी इन पाठ्यक्रमों की मान्यता एआईसीटीई से लेनी है।

Inext Page - 04

बदलेगा एलएलबी का पाठ्यक्रम नए कानून को मिलेगी जगह

UPDATE

वेब ज़ंक्शन क्लिक करें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh-gorakhpur-city-news-hindi.html

एंट्रेस एग्जाम

वित्त समिति की बैठक 11 को, कार्य परिषद 13 को

डीडीयू

- बीसीए के दो और एमएस के एक कोर्स पर लगेगी मुहर
- नवोन्मेष के साथ होगा एमओयू

359 ने दी एमएड प्रवेश परीक्षा, आज होगा समापन

GORAKHPUR (8 July): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को एमएड में प्रवेश के लिए दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। दोनों पालियों में कुल 359 अभ्यर्थियों ने परीक्षा कक्ष में उपस्थिति दर्ज कराई।

यह उपस्थिति पंजीकृत अभ्यर्थियों के मुकाबले 84.66 प्रतिशत रही। मंगलवार को प्रवेश परीक्षाएं संपन्न हो जाएंगी। अंतिम दिन प्रात: की पाली में एमएससी कृषि में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी, जिसके लिए 550 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

डीडीयू में शुरू हो रहे तीन नए पाठ्यक्रम

डीडीयू में नौ नये विषयों (शिक्षा, IT एवं वित्त तकनीकी और एक सभी वर्गों) परीक्षा की बैठक

GORAKHPUR (8 July): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को एमएड में प्रवेश के लिए दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। दोनों पालियों में कुल 359 अभ्यर्थियों ने परीक्षा कक्ष में उपस्थिति दर्ज कराई।

हुलाई नई बैठक

60 सीटों पर होना प्रवेश

15 जुलाई से होना आरंभ

शुल्क का भी होना निर्धारण

Swatantra Chetna Page - 04

वित्त समिति की बैठक 11 को, 13 को कार्य परिषद

बीसीए के दो और एमएस के एक कोर्स पर लगेगी मुहर

सत्तर देवना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सोमवार के साथ ही कई अहम निर्णयों पर मुहर लगने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए वित्त समिति की बैठक 11 को आहूत की गई है। इसमें नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी और शुल्क निर्धारण, शिक्षकों के प्रमोशन और कन्फर्मेशन, कॉलेजों में नए कोर्स के आवेदनों को स्वीकृति, निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।

डीडीयू में सत्र 2024-25 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस पर तीन पाठ्यक्रम नवोन्मेष के सहयोग से शुरू होंगे। इसमें एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेयरेबल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बीसीए डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग कोर्स शामिल हैं। वहीं एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेयरेबल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बीसीए डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग कोर्स को मंजूरी दी जाएगी। इन विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। इन कोर्स की फरवरी/मार्च, जीवीयू के अकादमिक शाखाओं में भी चलेंगे। एआईसी तौर के लिए वीसा शुल्क लगेगा। विद्यालय समिति में सोमवार के बाद वित्त समिति और कार्य परिषद में पारित होने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा।

वित्त समिति और कार्य परिषद का एजेंडा करीब तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि वित्त समिति की बैठक 11 और कार्य परिषद की बैठक 13 जुलाई को आहूत की गई है। इन समितियों का एजेंडा करीब तैयार हो गया है। इसके पूर्व 9 जुलाई को विकास परिषद की बैठक होगी। इसमें डीडीयू के दो दर्जन, एमएस एवं डाट एवं एमएसी कोर्स के शुल्क पर भी मुहर लगेगी।

Rashtriya Sahara Page - 06

जारी होगी रैंकिंग, चॉइस-लॉक का मिलेगा मौका

गोरखपुर (एसएनबी)। दीदत गोविंद ने सोमवार को नवीन बीस पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें तीन स्नातक के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

■ सत्र 2024 के घोषित परिणामों में स्नातक के भी तीन पाठ्यक्रम शामिल

इन सेटेज की व्यवस्था खत्म कर दी गयी : सभी लोग यह जान चुके हैं कि गत वर्ष तक विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को स्नातकोत्तर प्रवेश के दौरान मिलने वाले 5 प्रतिशत सेटेज इस बार खत्म कर दिया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्व विश्वविद्यालय से गया छात्रों को पीजी प्रवेश में कोई सेटेज नहीं मिल पाता था। यह फैसला अब खत्म हो गया। **केवल इनके लिए होगी सेटेज की व्यवस्था :** यूजी-पीजी दोनों में शामिल अभ्यर्थियों को 02 प्रतिशत सेटेज मिलेगा। यूजी में एससीसी के कैडिटस्केट और स्काउट गाइड को दो प्रतिशत सेटेज मिलेगा। पीजी में एससीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स और स्काउट गाइडस को दो-दो प्रतिशत सेटेज मिलेगा। विश्वविद्यालय के विभागों-कार्यालयों के पाल्य को 10 प्रतिशत सेटेज मिलेगा। रेलवन कॉलोनी के खिलाड़ी-कार्यियों के पाल्यों को 10 प्रतिशत सेटेज मिलेगा। एक अभ्यर्थी को अधिकतम 10 प्रतिशत सेटेज मिलेगा। एक अभ्यर्थी को अधिकतम दो सेटेज का ही लाभ मिलेगा। **जवाब सुरक्षणार्थी से तभी निर्णय में होगी आसानी :** **कुलपति -** प्रवेश प्रक्रिया के बारे में कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा है कि विश्वविद्यालय में पहले यह अभिलाषा कार्यविभाग से प्रवेश को व्यवस्था लागू की जा रही है। इसे देखते हुए अभ्यर्थियों को अंतिम सुधारने परिणामों में दी जाएगी। इससे अभ्यर्थियों को निर्णय लेने में आसानी होगी।

डीडीयू ने बीस पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम किये घोषित

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदत गोविंद ने सोमवार को नवीन बीस पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें तीन स्नातक के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

घोषित किए गए सत्र 2023-24 के परिणामों में एमए दर्शनशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंचकला द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी होम साइंस रिसोर्स मैनेजमेंट, एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन, एमएससी होम साइंस क्लोथिंग एंड टैक्सटाइल्स एवं एमएससी होम साइंस फूड टेक्नालॉजी के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी रसायन शास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी प्राणि विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी वायोइन्फार्मेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर,एमएससी (कृषि) एग्रोमेट्रोलॉजी एवं एमएससी (कृषि) प्लांट पैथालॉजी एवं एमएससी (कृषि) एग्रोनामी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी औद्योगिक रसायन द्वितीय सेमेस्टर, एमए राजनीतिशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर, बीकाम पाठ्यक्रम सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम सेमेस्टर एवं बीकाम बैंकिंग इंश्योरेंस के पाठ्यक्रम सेमेस्टर शामिल हैं। सभी परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हैं। विद्यार्थी अपना परीक्षाफल वेबसाइट पर जाकर देख सकता है।

359 अभ्यर्थियों ने दी एमएड की प्रवेश परीक्षा

■ गोरखपुर।

साहरा न्यूज ब्यूरो

दीदत गोविंद ने दोनों पालियों में सोमवार को एमएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की। जिसमें कुल 359 अभ्यर्थी शामिल हुए जोकि 65 ने परीक्षा छोड़ दी। दीदत गोविंद के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं अब अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। सोमवार को दोनों पालियों में एमए में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित थी। जिसके लिए कुल 424 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिसमे से कुल 359 (84.66 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। मंगलवार को विधि में एमएससी कृषि की परीक्षा आयोजित है जिसके लिए कुल 550 छात्रों ने आवेदन किया है।

■ डीडीयू में एमएससी कृषि की परीक्षा आज

Amar Ujala Select
Page - 04

विश्वविद्यालय के बीस पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने आज करीब बीस पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें तीन स्नातक के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

आज घोषित किए गए सत्र 2023-24 परिणामों में एमए दर्शनशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंचकला द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी होम साइंस रिसोर्स मैनेजमेंट, एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन, एमएससी होम साइंस क्लोथिंग एंड टैक्सटाइल्स एवं एमएससी होम साइंस फूड टेक्नालॉजी के चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी रसायन शास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी प्राणि विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी वायोइन्फार्मेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलाजी द्वितीय सेमेस्टर,एमएससी (कृषि) एग्रोमेट्रोलॉजी एवं एमएससी (कृषि) प्लांट पैथालॉजी एवं एमएससी (कृषि) एग्रोनामी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी औद्योगिक रसायन द्वितीय सेमेस्टर, एमए राजनीतिशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर, बीकाम पाठ्यक्रम सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम सेमेस्टर एवं बीकाम बैंकिंग इंश्योरेंस के पाठ्यक्रम सेमेस्टर शामिल हैं। सभी परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर अपलोड हैं। विद्यार्थी अपना परीक्षाफल वेबसाइट पर जा कर देख सकता है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में कुलपति ने किया पौधारोपण

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत कुलपति प्रो. पूनम टण्डन द्वारा कुलाधिपति वाटिका में पौधारोपण किया गया।

उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। अभियान में कुलसचिव प्रो. शान्तनु रस्तोगी एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने भी पौधे रोपित किए। इस दौरान डॉ मनीष पांडेय, डॉ प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ हर्ष देव वर्मा, डॉ अपरा त्रिपाठी, डॉ राहुल मिश्रा, डॉ कुसुम रावत, डॉ समेश चन्द सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

Amar Ujala Page - 04

कुलपति ने किया पौधरोपण

कुलाधिपति वाटिका में पौधारोपण करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन।

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलाधिपति वाटिका में पौधरोपण किया। उन्होंने सभी छात्रों/छात्राओं/शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आह्वान किया कि सभी लोग मां के नाम पर एक पौधा लगाएं और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भूमिका निभाएं। अभियान में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी एवं छात्राधीक्षक अधिकारियों ने भी पौधे रोपित किए। इस दौरान एनएसएस समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ. हर्ष देव वर्मा, डॉ. अपरा त्रिपाठी, डॉ. राहुल मिश्र सहित एनएसएस के कार्यकारी उपस्थित रहे।

Gorakhpur Super Fast Times

डीडीयू में 11 जुलाई से शुरू होगा शैक्षणिक सत्र, तैयारियां पूरी

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर को 11 जुलाई से शुरू होने वाले 2024- 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए विश्वविद्यालय आवश्यक सभी तैयारियों में लगा हुआ है जिससे विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जाए। इसी संदर्भ में कुलपति प्रो०पूनम टंडन के निर्देशोनुसार सभी अधिष्ठातागण को अपने संकाय से संबंधित विभागाध्यक्षों की बैठक बुला कर समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया गया । इन बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 11 जुलाई से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र की सुचारू शुरूआत के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इन बैठकों में शैक्षणिक कैलेंडर की समीक्षा और अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही शिक्षकगण की जिम्मेदारियों और शिक्षण कार्यों का आवंटन के साथ पाठ्यक्रम कार्यक्रम और समय सारिणी को अंतिम रूप देना है। नए छात्रों के स्वागत की तैयारी, जिसमें ओरिएंटेशन कार्यक्रम शामिल हैं की तैयारी की समीक्षा की जायेगी। अधिष्ठातागण व विभागाध्यक्ष यह भी सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक सामग्री और संसाधन उपलब्ध और सुलभ हैं। इसके अलावा सत्र की शुरूआत के लिए निर्धारित किसी विशेष कार्यक्रम या कार्यक्रम की योजना पर इन बैठकों में चर्चा होगी।